आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 29.04.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है।
- मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की मुलाकात, विमानन क्षेत्र के विकास सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून में दो दिवसीय "सूर्या ड्रोन टैक" का उद्घाटन किया।
- कल गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा का होगा शुभारंभ, आकाशवाणी से यात्रा के उद्घाटन का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के हर विद्यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बना रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विश्वविद्यालय परिसर गतिशील केन्द्रों के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक सब्सक्रिप्शन, विश्व स्तरीय ज्ञान को हर विद्यार्थी के लिए सुगम बना रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस– एआई को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार मेक एआई इन इंडिया के दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है।

**मुख्यमंत्री मुलाकात**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में विमानन क्षेत्र के विकास, हवाई कनेक्टिविटी में सुधार और उत्तराखण्ड के पर्यटन को बढ़ावा देने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पन्तनगर एयरपोर्ट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। उन्होनें केन्द्रीय मंत्री से प्राधिकरण को त्वरित कार्य प्रारंभ करने का अनुरोध किया। श्री धामी ने केन्द्रीय मंत्री से जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और रात्रि कालीन ऑपरेशन संचालन को मध्यरात्रि तक बढ़ाने का भी अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के तहत पिथौरागढ़ के नैनीसैनी एयरपोर्ट से इन्दिरा गाँधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए नियमित वायुयान सेवा शुरू करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड का एक दूरस्थ जिला है, जहाँ स्थानीय लोगों के आवागमन के लिए हवाई सम्पर्क मार्ग अत्यन्त उपयोगी होगा। पिथौरागढ़ जिले की सीमा तिब्बत–चीन और नेपाल से लगी होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी संवेदनशील है। मुख्यमंत्री ने देहरादून–हल्द्वानी, देहरादून–पंतनगर और देहरादून–नागपुर के लिए सीधी हवाई सेवाएं शुरू करने तथा जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाएं प्रारंभ किए जाने का भी आग्रह किया। साथ ही चिन्यालीसौड़ और गौचर हवाई पट्टी का निरीक्षण कर हवाई सेवा का संचलान किये जाने के लिए कार्यवाही शुरू करने का भी अनुरोध किया।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से देहरादून, पिथौरागढ़ और पंतनगर हवाई अड्डों पर 'हाउस ऑफ हिमालयाज' स्टॉल खोले जाने का अनुरोध किया है, ताकि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिल सके। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## केदारनाथ यात्रा

केदारनाथ यात्रा को सुचारू व सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पैदल यात्रा मार्ग पर रात के समय समुचित रोशनी की व्यवस्था करने के कहा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थलों पर ''पर्यटन मित्रों'' की तैनाती की जाए, जो न केवल श्रद्धालुओं की सहायता करेंगे, बल्कि सफाई व्यवस्था में भी सहयोग करेंगे। बैठक में ठंड से बचाव के लिए जगह–जगह अलाव और गर्म पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने यात्रा के सभी पड़ावों पर साफ–सफाई की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्री गहरवार ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों के वाहनों में जल्द से जल्द जी.पी.एस. लगाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आरटीओ विभाग को भी निर्देशित किया। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## ड्रोन टैक

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में आज दो दिवसीय "सूर्या ड्रोन टैक–2025" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को ड्रोन तकनीक का वैश्विक अग्रणी बनाने का स्पष्ट लक्ष्य रखा है और हम सभी को मिलकर इस लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि ड्रोन, भारत के विकास में नया इंजन बन रहे हैं। साथ ही कृषि, लॉजिस्टिक्स, आपदा प्रबंधन, रक्षा और क़ानून व्यवस्था हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से हम पर्यटन को नई ऊंचाइयाँ दे सकते हैं। साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्वे, भव्य हवाई फोटोग्राफी और पर्यटकों के लिए अद्भुत अनुभव, ये सभी ड्रोन तकनीक से संभव हैं। उन्होंने कहा कि वनों की निगरानी, वन्यजीव संरक्षण और अवैध कटान या शिकार पर नियंत्रण में भी ड्रोन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन उत्तराखण्ड के लिए भी एक मील का पत्थर सिद्ध होगा और पूरे भारत को ड्रोन तकनीक में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर करेगा।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि अमानवीय प्रणालियाँ आज की रक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि भारत रक्षा क्षेत्र में एक तकनीकी क्रांति के द्वार पर खड़ा है और ''सूर्या ड्रोन टैक'' इस दिशा में हमारी सामूहिक प्रगति और सहयोग का प्रतीक है।

## चारधाम यात्रा शुरुआत

प्रदेश में कल गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जायेगी। शासन–प्रशासन ने यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

गंगोत्री और यमुनोत्री धामों पर विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाओं के इंतज़ाम किए गए हैं। ज़िला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर, ट्रैफिक कंट्रोल, और सूचना केंद्रों की व्यवस्था की है। साथ ही, यात्रा मार्गों पर सुरक्षा और सफाई के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस बार यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी, मेडिकल टीमें और आपदा राहत दल भी तैनात किए गए हैं। सभी व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने दावा किया है कि चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। गौरतलब है कि कल यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलने के बाद, दो मई को केदारनाथ और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जांएगे।

## मां गंगा डोली

उत्तरकाशी जिले में शीतकाल के छह माह तक मुखबा गांव में निवास करने के बाद आज मां गंगा की उत्सव डोली विधिवत पूजा–अर्चना के बाद गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। डोली आज भैरव मंदिर, भैरवघाटी में रात्रि विश्राम करेगी। तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि कल भैरों घाटी से डोली–यात्रा गंगोत्री के लिए रवाना होगी, जहां विधिवत पूजा–अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

वहीं मां यमुना की डोली अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली से कल सुबह यमुनोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी, जिसके बाद यमुनोत्री धाम के कपाट 11 बजकर 55 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में कल से चारधाम यात्रा, विधिवत शुरू हो जायेगी।

## आकाशवाणी चारधाम प्रसारण

आकाशवाणी से चार धाम यात्रा के उद्घाटन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण कल सुबह 10 से 11 बजे तक होगा, जबकि यमुनोत्री धाम का सीधा प्रसारण साढ़े ग्यारह से साढ़े बारह बजे तक होगा। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण 2 मई को सुबह 6 से 7 बजे होगा, जबकि बदरीनाथ धाम के खुलने का सीधा प्रसारण 4 मई को सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े सात बजे तक होगा। सीधा प्रसारण आकाशवाणी के इंद्रप्रस्थ, एफ.एम गोल्ड और आराधना चैनल के साथ ही न्यूज़ ऑन एयर ऐप पर भी उपलब्ध होगा। यात्रा से जुड़ी रिपोर्ट भी कल से 4 मई तक हर दिन शाम साढ़े सात से 7 बजकर 45 मिनट तक प्रसारित की जाएगी।